>

Title: Need to provide relief to peppermint growers by including peppermint crop in agricultural category.

श्री पन्ना लाल पुनिया (बाराबंकी): सभापति महोदय, मैं आपका आभारी हूं कि आपने मुझे बोलने का समय दिया। यह किसान और किसानी से संबंधित मामला है। मैं बाराबंकी जनपद को रिप्रज़ैन्ट करता हूं और बाराबंकी पौपी कल्टिवेशन के लिए मशहूर है, जहां अफीम पैदा होती है। वहां के किसान ईमानदारी के साथ पौपी की खेती करते हैं। लेकिन वे बहुत दिनों से वित्त मंत्रालय की गलत नीतियों के कारण काफी परेशान हैं, वहां बहुत सी समस्याएं हैं। उनके बारे में हम निरंतर लिखते हैं, पढ़ते हैं, लेकिन उनका समाधान नहीं हो पा रहा है, मैं समझता हूं कि उनकी समस्याओं का समाधान होना चाहिए।

दूसरी कैश क्राप के रूप में वहां पिपरमैन्ट की खेती होती है और पिपरमैन्ट से मेन्था ऑयल बनता है। दुर्भाग्य की बात यह है कि पिपरमैन्ट की खेती को कृषि का दर्जा नहीं मिला है। जब इसे कृषि का दर्जा नहीं मिल रहा है तो किसान क्रेडिट कार्ड के माध्यम से उन्हें लोन भी नहीं मिलता है और जब उनकी फसल नष्ट हो जाती है तो उन्हें उसका मुआवजा भी नहीं मिलता है। इस तरह से वहां बहुत की समस्याएं हैं और कभी अगर जल्दी बारिश हो गई या देर से बारिश हुई तो उससे फसल नष्ट हो जाती है। इसलिए जरूरी है कि इसे कृषि का दर्जा दिया जाए और इससे संबंधित जितनी समस्याएं हैं, उनका समाधान करने का प्रयास किया जाए।